आवेदन देकर चोरी की शिकायत की है। इसके बाद वह पुलिस जवान, एनसीसी, नेवी पुलिस लाइन, जिला परिषद नगर परिषद बांका : 11.25 बजे झा शिक्षक सुरेंद्र मिश्र के दरवा

जिले की मतदाता सूची में जुड़े 16 हजार नए नाम

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर समाहरणालय में संबोधन करते सांसद गिरिधारी यादव, डीएम कुंदन कुमार (बीच में) व एसपी अरविंद कुमार गुप्ता (बायें) ● जागरण

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर प्रभात फेरी निकालते कर्मी ● जागरण

संसू, बांका: राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर समाहरणालय सभागार में शनिवार को समारोह का आयोजन किया गया। सांसद गिरिधारी यादव, डीएम कुंदन कुमार, एसपी अरविंद कुमार गुप्ता ने शुभारंभ किया।

मौके पर उपस्थित सरकारी कर्मी और छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। इससे पूर्व डीएम और एसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को रवाना किया। रैली में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के साथ भारी संख्या में टोला सेवक ने भी हिस्सा लिया। रैली पूरे शहर में घुमाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद एसएस बालिका हाई स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सांसद, डीएम और एसपी ने भी संबोधित किया। जिले की मतदाता सूची में 16 हजार नए सदस्य जुटे हैं। मतदाता दिवस पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि अब मतदाता सूची में 13 लाख 53 हजार 669 मतदाता हो गए हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या छह लाख 34 हजार 54 है। जिला की मतदाता सूची में थर्ड जेंडर का केवल एक मतदाता है। इस सूची में लिंगानुपता 881-1000 है।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए बीएलओ सम्मानित

धर्मडीहा प्राथमिक विद्यालय की बीएलओ कविता कुमारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ दो हजार रुपये देकर सम्मानित किया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न निर्वाचन साक्षर क्लबों में निर्वाचन संबंधी विषय पर निबंध, पोस्टर लेखन एवं चित्रांकन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। 21 जनवरी को आयोजित प्रतियोगिता में एसएस बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा करीना कुमारी ने प्रथम स्थान और उच्च विद्यालय बाराहाट की छात्रा सलमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध में उच्च विद्यालय बाराहाट की काशिका कुमारी ने प्रथम, बालिका उच्च विद्यालय के सावनी कुमारी ने द्वितीय और उच्च विद्यालय कटोरिया के प्रिंस राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। लेखन प्रतियोगिता में साक्षी कुमार, अंजन कुमार और प्रियांशु कुमारी को पुरस्कार दिया गया। चयनित प्रतिभागी को ट्राफी देकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन एडीएम जयशंकर प्रसाद ने किया।

SBI
ANM.
Engineer
B.Tech,
Education
BA, B.Ed
Manage
BBA, M
Medical
B.Sc. (M
Library S
DLib, BL
Articulu
B.Sc (Ag
Asha Ku
Mob. : 9
E-mail : ash
Tops